कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2024 / 100 रायपुर, दिनांक 12/01/24

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर, (छ.ग.) के अंतर्गत प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा (FDLT24) हेतु ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संयुक्त संचालक (प्रशासन), राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर, (छ.ग.) का पत्र क्र.–रान्याविप्र / भर्ती एवं चयन / M-4605/2023 / दिनांक 29.09.2023, पत्र क्र.–रान्याविप्र / भर्ती एवं चयन / M-4836/2023 / दिनांक 11.10.2023 एवं पत्र क्र. / रा.न्या.वि.प्र. / राय / भर्ती एवं चयन / M-113/2023 / दिनांक 08.01.2024 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा 2024 के ऑनलाइन आवेदन देने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	12.01.2024 (शुक्रवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	11.02.2024 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	12.02.2024 से 14.02.2024 तक
4.	परीक्षा का समय	–	
(i)	प्रयोगशाला सहायक (FDLT24)		पूर्वान्ह
(ii)	प्रयोगशाला तकनीशियन (FDLT24)		अपरान्ह

उक्त भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 / 2022 / एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध है। परीक्षा तिथि एवं परीक्षा का समय व्यापम की वेबसाइट पर बाद में घोषित की जायेगी ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर